समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भारत की हार से WTC अंकतालिका मे बंड़ा उलटफेर, इंग्लैडं को मिला फायदा।

Publisher
Published on 15 Jul 2025



**भारत को लॉर्ड्स टेस्ट मे मिली हार के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका मे बंड़ा बदलाव, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर कायम।**

### लॉर्ड्स की हार ने बदली WTC की तस्वीर

**WTC Point Table:** टीम इंडिया को **लॉर्ड्स टेस्ट** में **22 रनों से हार** का सामना करना पड़ा। यह **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27** (WTC) चक्र में भारत की दूसरी हार है, जिससे **अंकतालिका मे बंड़ा उलटफेर** हुआ है। भारत **चौथे स्थान** पर खिसक गया है, जबकि इंग्लैंड को **दूसरे पायदान** पर जगह मिल गई है।

### लॉर्ड्स टेस्ट : रोमांचक लेकिन नतीजा भारत के खिलाफ

लॉर्ड्स में खेले गए **तीसरे टेस्ट** की पहली पारी में **दोनों टीमों ने 387-387 रन** बनाए थे। भारत की ओर से केएल राहुल ने शानदार शतक जड़ा, वहीं इंग्लैंड के लिए जो रूट ने सेंचुरी लगाई। **जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट** झटके।

दूसरी पारी में इंग्लैंड मात्र **192 रनों** पर सिमट गया, जिससे **भारत को 193 रन** का लक्ष्य मिला। लेकिन अंतिम दिन **टीम इंडिया 170 रन** पर **ऑलआउट हो गई** और **22 रनों से हार** झेलनी पड़ी। रवींद्र जडेजा ने संघर्ष किया लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### WTC 2025-27: लेटेस्ट अंकतालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 36 |
| 2 | इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 24 |
| 3 | श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 16 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | भारत | 3 | 1 | 2 | 12 |

ऑस्ट्रेलिया इस समय **तीनों मैच जीतकर टॉप पर** है। इंग्लैंड के **3 मे से 2 जीत के साथ 24 अंक** हैं, जबकि **श्रीलंका ने 1 मैच जीता** और **1 ड्रा कर 16 अंक हासिल** किए हैं। भारत के खाते में अब **केवल 12 अंक** हैं।

**क्या कहता है यह प्रदर्शन ?**

**टीम इंडिया** की बल्लेबाजी अब भी सबसे बड़ा सवाल है। **लॉर्ड्स टेस्ट** में पहली पारी में रन बनाने के बाद, दूसरी पारी में शीर्ष क्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया। **7 बल्लेबाज** दहाई तक नहीं पहुंच सके।

**कप्तान शुभमन गिल** को अब **मिडिल ऑर्डर** और **स्पिन डिपार्टमेटं** में बदलाव की ज़रूरत पर गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं इंग्लैंड ने **बेन स्टोक्स** की कप्तानी में वापसी करते हुए दमदार प्रदर्शन किया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.